**मास्टर्स यूनियन और यूएई-भारत सीईपीए परिषद ने यूएई बाजार में भारतीय स्टार्ट-अप के विस्तार में तेजी लाने के लिए हाथ मिलाया**

गुरुग्राम, 21 जुलाई 2025: मास्टर्स यूनियन और यूएई-भारत सीईपीए परिषद (यूआईसीसी) ने यूएई-भारत सीईपीए परिषद स्टार्ट-अप सीरीज के तहत गुरुग्राम में स्टार्ट-अप प्रदर्शनी का संयुक्त रूप से आयोजन किया।

उत्तर भारत के व्यापार और नवाचार के सबसे अहम केंद्रों में से एक में आयोजित यह कार्यक्रम भारत के सबसे बड़े उद्यमिता और शैक्षणिक इकोसिस्टम के साथ नवाचार संबंधों को मजबूत करने के लिए यूआईसीसी की मौजूदा राष्ट्रव्यापी पहल में एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित हुआ।

प्रदर्शनी के दौरान, दोनों पक्षों ने एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करके अपनी साझेदारी को औपचारिक रूप दिया। इस साझेदारी ने यूएई-भारत व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) के अनुरूप सीमा पार उद्यमिता के विकास को बढ़ावा देने के लिए उनकी साझा प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।

इस अवसर पर यूआईसीसी के निदेशक श्री अहमद अलजनेबी ने कहा, "यह साझेदारी भारत के युवा-नेतृत्व वाले नवाचार इकोसिस्टम को प्रोत्साहन देने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। मास्टर्स यूनियन का अनुभवात्मक शिक्षण, उद्यमिता की भावना और वास्तविक दुनिया के व्यापार कौशल पर ज़ोर इसे एक विशेष सहयोगी बनाता है। इस समझौता ज्ञापन के माध्यम से, हमारा उद्देश्य भारत के कुछ सबसे प्रतिभाशाली संस्थापकों की वैश्विक आकांक्षाओं को गति प्रदान करना है।"

मास्टर्स यूनियन के निवेश एवं उद्यमिता प्रमुख, श्री सक्षम कोटिया ने भारतीय स्टार्ट-अप्स के लिए वैश्विक पहुंच के महत्व पर ज़ोर दिया। "संयुक्त अरब अमीरात तेज़ी से आगे बढ़ने के इच्छुक भारतीय उद्यमियों के लिए एक सशक्त मंच है। सीईपीए परिषद के सहयोग से, हमारे स्टार्ट-अप्स को अंतर्राष्ट्रीय बाज़ारों, मार्गदर्शन और पूंजी तक पहुंचने में सुविधा मिलेगी। हमें इस सीमा-पार इकोसिस्टम में योगदान करने पर गर्व है और अपने उद्यमों को वैश्विक मंच पर परचम लहराते देखने के लिए उत्साहित हैं।"

मुख्य आकर्षण के रूप में, यूएई-भारत स्टार्ट-अप सीरीज़ का आधिकारिक
ट्रेलर उपस्थित लोगों को दिखाया गया। ट्रेलर में इस पहल की विशेषताओं को रेखांकित किया गया, जिसमें इनक्यूबेशन सहायता, फास्ट-ट्रैक लाइसेंसिंग और यूएई-आधारित नवाचार नेटवर्क तक पहुंच शामिल है।

ट्रेलर देखने के बाद छात्रों, महत्वाकांक्षी संस्थापकों और संकाय सदस्यों को श्री अलजनेबी के साथ बातचीत करने का अवसर भी मिला और उन्होंने आवेदन प्रक्रिया, भारतीय स्टार्ट-अप में यूएई के निवेशकों की अपेक्षाओं और यूएई-भारत सीईपीए साझेदारी के व्यापक दृष्टिकोण के बारे में व्यावहारिक जानकारी प्रदान की।

यह साझेदारी सीईपीए परिषद के संयुक्त अरब अमीरात और भारत के बीच नवाचार कॉरिडोर को व्यापक बनाने के मिशन में एक अहम पड़ाव है, जो देश के स्टार्ट-अप परिदृश्य को आकार देने वाले अगली पीढ़ी के केंद्रों और दूरदर्शी संस्थानों के साथ जुड़ी है।

यूएई-भारत स्टार्ट-अप सीरीज़ में भाग लेने के इच्छुक स्टार्ट-अप को आधिकारिक माइक्रोसाइट के माध्यम से आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। आवेदन 31 जुलाई 2025 तक किए जा सकते हैं।

**आवेदन करें:** https://start-upseries.cepacouncil.com

मीडिया से जुड़ी जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें:
info@cepacouncil.com

**यूएई-भारत सीईपीए परिषद के बारे में**

यूएई-भारत सीईपीए परिषद (यूआईसीसी) यूएई-भारत व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते के तहत व्यापार, निवेश और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए स्थापित एक समर्पित द्विपक्षीय मंच है। यह साझे आर्थिक अवसरों को बढ़ावा देने के लिए दोनों देशों के व्यवसायों, सरकारों और संस्थानों के बीच रणनीतिक सहयोग की सुविधा प्रदान करती है।

**यूएई-भारत सीईपीए परिषद को फॉलो करें:**

- LinkedIn
- Instagram
- X (formerly Twitter)
- YouTube

**मास्टर्स यूनियन के बारे में**

हरियाणा के गुरुग्राम में स्थित मास्टर्स यूनियन एक आधुनिक बिज़नेस स्कूल है जो अपने व्यवसाय-केंद्रित शिक्षण पद्धति और उद्योग के साथ एकीकरण के लिए प्रसिद्ध है। यह स्कूल ऐसे इनोवेटिव प्रोग्राम प्रदान करता है जो अकादमिक जगत को वास्तविक दुनिया के व्यावसायिक नेतृत्व के साथ जोड़ते हैं, तथा स्टार्टअप इनक्यूबेशन, वेंचर कैपिटल सहभागिता और वैश्विक स्तर के व्यावसायिक अनुभव पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हैं।

**